सार-समाचार

सचिव परीक्षाओं के परिणाम घोषित

उदयपुर, (कासं)। दिसंबर 2025 में आयोजित कंपनी सचिवों की परीक्षाओं के परिणाम बुधवार को नई दिल्ली में घोषित किये गए और संस्थान के देश के सभी कार्यालयों में भी जारी कर दिए गए। प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा के ग्रुप 1 में 26.73 प्रतिशत अभ्यर्थी, और ग्रुप 2 में 26.67 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं ।मुंबई परीक्षा केंद्र से किंजल अजमेरा,ने परीक्षा में ऑल.इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है।एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा में 18.3 प्रतिशत अभ्यर्थी ग्रुप 1 में और 22.26 प्रतिशत अभ्यर्थी ग्रुप 2 में उत्तीर्ण हुए हैं। अहमदाबाद परीक्षा केंद्र से अनीशा दर्शन केसवानी ने परीक्षा में ऑल.इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है।उदयपुर शहर से खुशबू कुंवर ने प्रोफेशनल प्रोग्राम में ऑल इंडिया रैंक 11 प्राप्त किया है। उदयपुर चैप्टर के अध्यक्ष सी एस शैलेश जैन के अनुसार कंपनी सचिवों के प्रोफेशनल प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम की अगली परीक्षाएँ, सोमवारए 1 से 7 जून 2026 तक सुबह के सत्र में आयोजित की जाएंगी जिसके लिए आवश्यक परीक्षा शुल्क के साथ नामांकन आवेदन ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया 26 फरवरी, 2026 से शुरू होग उन्होंने बताया कि पुनर्गठित कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट 1 से 4 जून तक दोपहर के सत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक परीक्षा शुल्क के साथ नामांकन आवेदन ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया 1 मार्च से शुरू होगी।

लाखों की ठगी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। सूचना जनसंपर्क अधिकारी बन कर पीडित को सरकारी पद दिलाने का झांसा देकर लाखों की नकदी हडपने वाले के खिलाफ भुपालपुरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित दिनेश भाई पटेल पुत्र सोमा भाई पटेल निवासी अशोक नगर भुपालपुरा ने आरोपी निर्भयसिंह राव पुत्र सूमेरसिंह निवासी गांधीनगर अहमदाबाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि परिचत दक्षेष पटेल जरिये आरोपी से संपर्क हुआ था। कुछ समय बाद आरोपी के कहने पर उसकी पुत्री की शादी के लिए गार्डन किराए पर दिलाया व अन्य वुधिाए करवाई थी। नजदीकिया बढने पर उसने बडे बडे नेताओं के फोटों दिखा कर स्वयं को सूचना जन संपर्क अधिकारी होना बता कर सरकारी पद दिलाने की बात कहते हुए 5 करोड़ रूपयों की मांग की। इस पर देव इन्टरनप्राईजेज कंपनी के खाते से व नकदी आरोपी को 25 जनवरी 2023 को टुकड़ों टुकडों में 20 लाख 50 हजार का भुगतान किया। कुछ समय बाद आए आरोपी ने 2025 में काम करने का आश्वासन देकर 26 जून 23 को 29 लाख रूपये ले गया। गत दिनों आरोपी से संपर्क कर बातचीत करनी चाही तो मोबाईल स्वीच आफ था।

जल व स्वच्छता मिशन की बैठक

उदयपुर, (कासं)। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर के निर्देशन एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। प्रारंभ में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रविन्द्र चौधरी ने एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में स्वीकृत/प्रगतिरत योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एडीएम राठौड़ ने स्वीकृत कार्यो को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ग्रामों में टेप नल कनेक्शन उपलब्ध कराने पर चर्चा की। राठौड़ ने हर घर जल प्रमाणीकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों द्वारा मापदण्ड अनुसार नल जल मित्रों के चयन पर चर्चा पर चर्चा करते हुए चौधरी ने अवगत कराया कि नल जल मित्रों की चयन सूची जिला परिषद के माध्यम से प्राप्त हो गई है। हर घर जल के तहत जल सेवा आंकलन के लिए जिले को 13 ग्राम पंचायत का लक्ष्य मिला था, इनमें से 7 पंचायतें शहरी क्षेत्र में आ गई हैं तथा शेष में आंकलन पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार जल योजना के हस्तांतरण के तहत मावली ब्लॉक की मांगथला पंचायत के दो गांवों में जल अर्पण कार्यक्रम किए गए। बैठक में एडीएम ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर कंटीजेंसी प्लान के बारे में जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता ने अवगत कराया कि जिले से कंटीजेंसी प्लान तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रेषित किया जा चुका है। बैठक में अधिशासी अभियंता ललित नागौरी, रितेश मीणा, नवीन राज शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मोती सिंह रावत राज्य स्तर पर सम्मानित

भीम, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के बल्ली जस्साखेडा ठाम पंचायत अंतर्गत सेलमा निवासी कृषक सम्राट पूर्व सैनिक मोती सिंह को जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर गत 23 फरवरी को अजय कुमार पचौरी अतिरिक्त निदेशक कृषि अनुसंधान एवं चिन्मयी गोपाल कृषि आयुक्त द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार 2025 का एक लाख रुपए व प्रमाण पत्र देकर राजस्थान सरकार के कृषि विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। राजस्थान के राजसमंद जिले के छोटे से गांव में रहने वाले मोती सिंह रावत ने अपनी मेहनत और ज्ञान से जैविक खेती को अपनाकर न केवल अपनी आय में सुधार किया है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बने हैं। मोती सिंह का मानना है कि ऑर्गेनिक फार्मिंग न केवल किसानों के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी एक अच्छा विकल्प है। उन्होंने अपने खेतों में जैविक खेती की पद्धितयों का पालन करके यह साबित कर दिया कि जब सही तकनीक और प्रयास हो, तो जैविक खेती से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

आदित्य प्रताप सिंह को चौथा स्थान

उदयपुर, (कासं)। आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग प्रतियोगिता मोहाली, अमृतसर की मेजबानी में सम्पन्न हुई। स्पोर्ट्स बोर्ड सक्रेटरी डॉ. हितेश चन्द्र रावल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के आदित्य प्रताप सिंह चौहान, बोहेड़ा ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में 600 में से 585 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। अब चौहान खेलो इंडिया में अपना प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर बी.एन शुटिंग ऐकेडमी की ट्रेनर आकांक्षा कानावत ने बताया कि आदित्य प्रताप ने पूर्व मे नेशनल राईफल ऐसोसिऐशन ऑफ इण्डिया के तत्वाधान में आयोजित 32वी अखिल भारतीय मावलंकर शूटिंग चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

भारतीय मजदूर संघ डूंगरपुर का बजट पर विरोध प्रदर्शन

डूंगरपुर, (निसं)। बीएमएस डूंगरपुर के कार्यकर्ताओं ने देश व्यापी बजट विरोध दिवस मनाया गया।

बीएमएस डूंगरपुर के जिला मंत्री मनीष कुमार अग्रवाल ने बताया कि बीएमएस ने समय-समय पर सरकार के समक्ष अनेक ज्वलंत मुद्दे उठाए हैं, किंतु अब तक उनकी ओर से अपेक्षित सकारात्मक और ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। लाखों मिड-डे-मील और आशा कार्यकर्ता आज भी अत्यंतअल्प मानदेय पर कार्य कर रही हैं। पाँच दशकों की सेवा के बाद भी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को केवल योजना कर्मी माना जाता है। जबकि उनसे प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक कार्य लिया जा रहा है और लगातार नई जिम्मेदारियों सौंपी जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मानदेय वृ?द्धि के प्रति अनिच्छा दिखाई जा रही है। इसीक्रम में आज सुबह डूंगरपुर जिले के बीएमएस कार्यकर्ता और पदाधिकारी सुबह 11.30 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर पहुंचे और जिलाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री पार्वती भगोरा के नेतृत्व में पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन और नारे लगाते हुए सरकार को चेताते हुवे देश के प्रधानमंत्री श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम जिला कलेक्टर डूंगरपुर को ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री बीएमएस पार्वती भगोरा ने बताया कि आठ राज्यों में राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों के श्रमिकों को महामारी के बाद से केवल 50 प्रतिशत वेतन मिल रहा है और पिछले दस महीनों से वेतन बकाया है। रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को पिछले 32 महीनों से वेतन नहीं मिला है।

देशभर के विद्युत कर्मचारी डिस्कॉम को सरकारी क्षेत्र में बनाए रखने और निजीकरण का विरोध करने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन1,000 आज भी अपरिवर्तित हैए जिससे लाखों पेंशनभोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। बैंक कर्मचारी भी पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की माँग को लेकर आंदोलनरत हैं। प्रदेश मंत्री भगोरा ने मांग की कि श्रम कानूनों का सभी क्षेत्रों एवं श्रमिक वर्गों में बिना किसी अपवाद के सख्ती से और सार्वभौमिक रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए, अंत्योदय की भावना के अनुरूप, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियाँ संहिता, 2020 में श्रमिकों की चिंताओं का समाधान किया जाए, भारतीय श्रम सम्मेलन को तत्काल बुलाया जाए तथा विभिन्न त्रिपक्षीय समितियों का पुनर्गठन कर उन्हें नियमित, प्रभावी एवं सार्थक रूप से संचालित किया जाए, ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1,000 से बढाकर 7,500 प्रतिमाह की जाए, साथ ही महंगाई राहत प्रदान की जाए तथा आयुष्मान भारत योजना से जोडा जाए। ईएसआई और ईपीएफ की कवरेज सीमा बढाकर अधिकाधिक श्रमिकों को लाभान्वित किया जाए। ईएसआईसी की वेतन सीमा रू 21,000 से बढाकर 42,000 तथा वीजीपीएफ की सीमा रू 15,000 से बढाकर 30,000 की जाए। भुगतान बोनस अधिनियम, 1965 के अंतर्गत बोनस पात्रता की सीमा वर्तमान वेतन स्तर के अनुरूप बढाई जाए। विद्युत क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर सभी राज्यों में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 133 के अनुसार त्रिपक्षीय समझौतों को तत्काल लागू किया जाए,जिससे कर्मचारियों की सेवा शर्तें, पेंशन लाभ और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

संविधान के अनुच्छेद 14,15,16 व 21 में निहित सिद्धांतों के अनुरूप योजना कर्मियों और संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए। सामान्य भर्ती पर लगे प्रतिबंध को तत्काल हटाया जाए तथा रोजगार की गारंटी और सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए,जिससे असुरक्षा और अनिश्चितता समाप्त हो। भारतीय मजदूर संघ केंद्र और राज्य सरकारों से आग्रह करता है कि वे श्रमिकों के हित और राष्ट्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए इन लंबित माँगों पर शीघ्र और सकारात्मक निर्णय लें। इस प्रदर्शन में डूंगरपुर जिले के वीरेंद्र भट्ट,कैलाश जादू, लोकेंद्र राठौर, निर्मला बरांडा, राजेश्वरी चौहान,राजेंद्र यादव, नंदलाल पंड्या, लक्ष्मी जैन, जाहिर खान, देवकीनंदन सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

वाचनालय का उद्घाटन

मंडफिया, (निसं)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के तहत नियमित एवं बाह्य छात्रों के लिए पुस्तकालय एवं वाचनालय का उद्घाटन किया गया।

पुस्तकालय एवं वाचनालय का उद्घाटन प्राचार्य रोहिन कुमार परेवा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि ये आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित केंद्र छात्रों की शैक्षिणक गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही यह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, और अध्ययन के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा।

गेम फेयर का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग (सीटीएई) की एनएसएस इकाई-1 द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज उत्साहपूर्वक गेम फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न टीम आधारित खेलों एवं गतिविधियों में बढ-चढकर भाग लिया।

इस अवसर पर सीटीएई के अधिष्ठाता डॉ. सुनील जोशी ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया, विभिन्न खेल गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा स्वयंसेवकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा विशेष शिविर के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए समाज सेवा की भावना को निरंतर बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम अधिकारी ई. विवेक मीणा ने बताया कि 7 दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, गोद लिए गए गांव का भ्रमण, शैक्षणिक एवं प्रेरणात्मक व्याख्यान, जागरूकता गतिविधियां तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक पूरे उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ शिविर की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं और एनएसएस के आदर्श वाक्य 'नोट मी बट यू' की भावना को साकार कर रहे हैं।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि शंकर मेघवाल, खेमराज मीणा, विक्रम सीरवी एवं बलराम शर्मा भी उपस्थित रहे।

गीतांजली सिनेप्स 2026 में जाकिर खान का संवाद आज

- गीतांजली सिनेप्स-2026 के अंतर्गत गुरूवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली यूनिवर्सिटी, उदयपुर में आयोजित गीतांजली सिनेप्स- 2026 के अंतर्गत गुरूवार को विशेष कार्यक्रम इंस्पिरोग्रूव आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रख्यात स्टैंड-अप कॉमेडियन, लेखक एवं शायर जाकिर खान विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। यह विशेष सत्र युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण अवसर होगा। अपनी विशिष्ट शैली, सहज अभिव्यक्ति और जीवन के वास्तविक अनुभवों के माध्यम से जाकिर खान विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का संदेश देंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

ब्लॉक लेवल मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण 5 को

उदयपुर, (कासं)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में पंचायत आम चुनाव-2026 के लिए 83 ब्लॉक लेवल मास्टर ट्रेनर (बीएलएमटी) नियुक्त किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सभी बीएलएमटी का प्रशिक्षण 5 मार्च को सुबह 9:30 बजे से जिला परिषद सभागार में आयोजित होगा।

प्रदर्शन किया

डूंगरपुर, (निसं)। निजी बस संचालकों की प्रदेशव्यापी हड़ताल के मदेनजर बुधवार को डूंगरपुर में भी दूसरे दिन भी जारी रही। डूंगरपुर से गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के लिए चलने वाली बसों का संचालन ठप रहा, जिससे यात्रियों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पडा।हडताल के दूसरे दिन निजी बस ऑपरेटरों ने दिल्ली.मुंबई को जोडने वाले नेशनल हाईवे 48 पर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की और सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। जिलेभर के निजी बस ऑपरेटरों की हडताल के कारण डूंगरपुर से अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, जयपुर और जोधपुर सहित कई प्रमुख मार्गों पर चलने वाली ट्रैवल बसों का संचालन पूरी तरह बंद रहा।

निजी बसों की हड़ताल से रोडवेज बसों में हुई दोगुनी भीड़

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान में निजी बस ऑपरेटर्स की हडताल ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हड़ताल के चलते रोडवेज की बसों एवं रेलों में यात्री भार बढ़ गया है। हालात यह है कि ऑनलाइन बुकिंग वाले यात्रियों को सीट नही मिल रही है क्योंकि अन्य यात्री उनकी आरक्षित सीटो पर बैठ कर यात्रा कर रहे है। बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ और अफरा तफरी का माहौल है।

रोडवेज बस स्टैंड पर उदयपुर से जोधपुर वाया गोगुंदा, रणकपुर और फालना जाने वाली बस जैसे ही लगी, वैसे ही यात्री अंदर घुस पडे। बस कुछ ही मिनटों में इतनी भर गई कि खडे होने की भी जगह नहीं बची। ऑनलाइन बुकिंग वाले यात्री बाहर ही खडे रह गए,और उनकी आरक्षित सीटों पर बिना टिकट वाले यात्रियों ने कब्जा कर लिया। रिजर्व टिकट वाले यात्रियों को अंदर जाने तक की जगह नहीं थी। इसके बाद यात्री आमने सामने हो गए और हंगामा शुरू हो गया। ये नजारा सिर्फ एक बस नहीं बल्कि अमूमन सभी बसों में देखने को मिल रहा है। बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ और अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है ।

बस के कंडक्टर को बीच.बचाव और काफी जद्दोजहद के बाद ऑनलाइन टिकट वालों को उनकी सीटें मिलीं। लेकिन इस दौरान चीख पुकार और झगड़े की नौबत आ गई। हडताल के चलते निजी बसें बंद होने से सारा बोझ रोडवेज बसों और ट्रेनों पर आ गया है, जिससे यात्रियों का सफर दूभर हो रहा है। रोडवेज बस स्टैंड के बाहर ही ट्रैवेल बसों के जो बुकिंग कार्यालय थे वहां सन्नाटा पसरा है। यहां रात को गुजरात के सूरत, बडौदा, अहमदाबाद व राज्य के जयपुर, जोधपुर और कोटा जाने के लिए रात दस बजे बाद बसें यहां आती है। इन कार्यालयों के वहां पर रात 11 बजे तक रौनक रहती है लेकिन हड़ताल के चलते सब बंद है।

समीक्षा बैठक: राजसमंद, (निसं)। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

Tel.& Fax 0294 2418976, 2417835 (O), Em:deanrcaudr@yahoo.com
राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE
MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY
GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313 001
Dr. M.K. Mahla, Dean and Faculty Chairman — No.RCA/Actt./2026/7769, Dated: 23.02.2026

No.: RCA/NIT/2025-26

Sealed offline bids are invited up to 04.03.2026 of **11.00 AM** in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No.RCA/NIT/2025-2026/NIB-42 UBN NO. ATU2526SSLB00340 **"Cleaning & Sanitation work for all Hostels of RCA Udaipur from March 2026 to Feb. 2027".** Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites or the website of State Public Procurement Portal website may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft/online.

DEAN, RCA

कार्यालय ग्राम पंचायत रावछ पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- SPL/02 दिनांक:- 25.02.2026

-:: ई निविदा सूचना- 01/2024-25 ::-

इस ग्राम पंचायत में राज्य वित्त आयोग षष्ठम योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्यो की ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण SPPP.rajasthan.gov.in व eproc.Rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्रमांक	कार्य का नाम	UBN No.
1.	पुलिया निर्माण कार्य होलीवाला धरा नेगरीया रावछ ग्राम पंचायत रापछ पंचायत समिति सायरा	ZUD2526WSOB04739

प्रशासक ग्राम पंचायत रावछ — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत रावछ

कार्यालय ग्राम पंचायत पालीदाना पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- 173 दिनांक:- 25.02.2026

-:: ई निविदा सूचना- 01/2024-25 ::-

इस ग्राम पंचायत में राज्य वित्त आयोग षष्ठम योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्यो की ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण SPPP.rajasthan.gov.in व eproc.Rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्रमांक	कार्य का नाम	UBN No.
1.	सम्पर्क रास्ता निर्माण कार्य माताजी मंदिर के पास से रामा के घर की ओर ग्राम पंचायत पालीदाना पंचायत समिति सायरा	ZUD2526WSOB04740

प्रशासक ग्राम पंचायत पालीदाना — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पालीदाना

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
आई ई सुखेर शाखा, एनएच-8, इंडस्ट्रीयल एस्टेट सुखेर, उदयपुर राजस्थान 313001, फोन नं.: 0294-2440510 मोबाईल: 8875006670, ई-मेल: indsuk@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों के लिए)

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी मैसर्स मयूर इलेक्ट्रीक एंड मशीनरीज, प्रोपराईटर श्री भूरीलाल शर्मा पुत्र श्री मोडीलाल औदिच्य एवं जमानतदार श्री चम्पालाल पुत्र श्री देवीलाल शर्मा एवं श्रीमती प्रेमलता शर्मा पत्नी श्री भूरीलाल शर्मा पर मांग सूचना दिनांक 10.10.2025 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 10.10.2025 को बकाया राशि रू. 16,82,853.46 (रूपये सोलह लाख बयासी हजार आठ सौ तिरपन एवं पैसे छयालिस मात्र) (दिनांक 10.10.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक 21, माह फरवरी, वर्ष 2026 को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 10.10.2025 को बकाया राशि रू. 16,82,853.46 (रूपये सोलह लाख बयासी हजार आठ सौ तिरपन एवं पैसे छयालिस मात्र) (दिनांक 10.10.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, आई ई सुखेर शाखा, एनएच-8, इंडस्ट्रीयल एस्टेट सुखेर, उदयपुर, राजस्थान 313001 के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्तियों का वर्णन

सम्पत्ति 1- सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती प्रेमलता शर्मा पत्नी श्री भूरीलाल शर्मा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय प्लॉट नं. 15, बेड़वास, देबारी, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट है।सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. 09, दक्षिण: रोड़, पूर्व: प्लॉट नं. 14, पश्चिम: प्लॉट नं. 16
सम्पत्ति 2- सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री चम्पालाल पुत्र श्री देवीलाल शर्मा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय मकान जो खसरा नं. 29618, बेड़वास, ग्राम पंचायत भोईयों की पंचोली, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 762.5 वर्ग फीट है।सीमाएं- उत्तर: मोडी राम का घर/भूरी लाल शर्मा का घर, दक्षिण: रास्ता/छगन लाल का घर, पूर्व: देवी लाल का घर, पश्चिम: सीसी रोड़

स्थान: उदयपुर — हस्ता.
दिनांक: 21.02.2026 — प्राधिकृत अधिकारी

आयड़ नदी को प्रदूषण मुक्त कराने ग्रामीणों ने ढोल बजा कर की आन्दोलन की शुरुआत

उदयपुर, (कासं)। आयड़ नदी में बढ़ते जल प्रदूषण से चिंतित नदी किनारे बसे 12 गांवों के ग्रामीणों ने बुधवार को एकजुट होकर ढोल बजाते हुए विरोध दर्ज कराया। कानपुर खेडा की पुलिया से आंदोलन के प्रदर्शन की शुरुआत हुई। सभी गांवों से आए ढोल को बजाया गया और साधु.संतों की मौजूदगी में आन्दोलन का शंखनाद हुआ।

आयड नदी में बढते जल प्रदूषण पर ग्रामीण आंदोलन कर रहे हैं। नदी किनारे बसे 12 गांवों के लोगों ने एकजुट होकर ढोल बजाते हुए विरोध दर्ज कराया। कानपुर खेडा की पुलिया से 11.30 बजे इस आंदोलन के प्रदर्शन की शुरूआत हुई। सभी गांवों आए ढोल और साधु.संतों की मौजूदगी में शंखनाद हुआ। आयड को मां गंगा मानकर पूजा के बाद इस नदी को भी शुद्ध बनाने का बुधवार को प्रण लिया गया। मेवाड किसान संघर्ष समिति अन्य संगठनों के साथ मिलकर आने वाले दिनों यह आंदोलन तेज करेगी। पुलिया पर कुछ स्थानीय लोगों के साथ 12 गांवों के ग्रामीण जमा हुए जहां हर गांव से एक ढोल लाया गया था। इस दौरान 12 ढोल एक साथ बजाए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषित पानी लगातार उदयसागर तालाब में गिर रहा है,जिससे न सिर्फ जल स्त्रोत दूषित हो रहे हैंबल्कि खेती,पशुपालन और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कानपुर के पूर्व उप सरपंच मदनलाल डांगी ने बताया कि आयड नदी के किनारे बसे हुए मनवाखेडा, मादडी, कलडवास, खेडा, कानपुर, भोईयों की पंचोली, मटून, खरबडयिा, लकडवास, टीला खेडा, कमलोद, डूंगर, धुनी माता, पारा खेत सहित एक दर्जन से भी ज्यादा गांवों के ग्रामीण खेडा कानपुर की नदी पर बनी पुलिया पर पहुंचे।

बाइक चालक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापरगर थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सवेरे प्रतापनगर थाना क्षेत्र बेडवास में ट्रेक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक भीम हॉल ट्रांसपोर्ट नगर प्रतापनगर निवासी अंकित कुमार (18) पुत्र घीसुराम गर्ग की मौत हो गई। अंकित प्रतापनगर में नौकरी करता था एवं सवेरे बाइक पर घर से नौकरी पर जा रहा था। इस दौरा पिछे से आए ट्रेक्टर ने उसे चपेट में ले लिया था।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/428 **आम सूचना** दिनांक : 25/02/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (**Development Promotion & Control Regulations**) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री विनय कुमार पिता श्री हरिश चन्द्र ब्राह्मण	देवाली	2481 से 2484	01	2218.20 वर्गफीट	फतेहपुरा चौराहे से पुला चौराहे को जाने वाली 100 फीट सडक पर क्लासिक किचन इक्यूपमेन्ट के समीप में स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

'विपक्ष हंगामा करने में व्यस्त, भाजपा जनता के बीच ले जा रही है विकास का हिसाब'

उदयपुर, (कासं)। डबल इंजन की सरकार राजस्थान की 8 करोड जनता के हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण विधानसभा में रखा गया दो वर्ष का रिपोर्ट कार्ड है।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड एवं संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्य